सं0–4338 / 69–1–2000–104(सा) / 97

प्रेषक,

श्री एस. आर. लाखा,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लखनऊ : दिनांक : 30 नवम्बर, 2000

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

विषय : स्वच्छकार विमुक्ति योजना का क्रियान्वयन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सूडा की शासी निकाय की दिनांक 31.10.2000 को सम्पन्न बैठक के प्रस्ताव संख्या–12 के निर्णयानुसार सुलभ इन्टरनेशनल संस्था को स्वच्छकार विमुक्ति योजनान्तर्गत कोई नया कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा, फलतः पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या– 687 / 69–2–97–01(एल.सी.एस.) / 96, दिनांक 10 अप्रैल, 1997 निष्प्रभावी हो गया है। अतः योजना के सुचारू क्रियान्वयन पर सूडा द्वारा क्या प्रक्रिया अपनायी गयी है, से संबंधित सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(एस0 आर0 लाखा)
सचिव